पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में रोजा इफ्तार

लखनऊः 27 जुलाई, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक की ओर से आज राजभवन में रोजा इफ्तार एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव, श्री अहमद हसन, स्वास्थ्य मंत्री, श्री राजेन्द्र चौधरी, मंत्री, श्री फरीद महफूज किदवई व अन्य मंत्रिमण्डल के सदस्य, पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी, डॉ0 अम्मार रिजवी, पूर्व सांसद लालजी टण्डन, पूर्व मंत्री श्रीमती स्वरूप कुमारी बक्शी, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना कल्बे जव्वाद, मौलाना हबीब हैदर व अन्य समुदाय के धर्मगुरूओं, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, पत्रकार बन्धुओं सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सुन्नीयों की नमाजे-जमात पढ़ाई तथा मौलाना कल्बे जव्वाद ने शियों की नमाजे जमात पढ़ाई। राज्यपाल ने ईद की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमें सबको साथ लेकर चलना है तभी देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि भारत में सभी सम्प्रदायों के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं तथा यहीं हमारी परम्परा है और इसके लिए हम सबको आपसी सौहार्द्र बनाये रखना चाहिए।

अंजम/रा0/राजभवन